# एचडीएफसी बैंक ने किया बाघ बचाओ अभियान का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक ने छात्रों, शिक्षकों और आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान और कैरैली स्कूल के साथ बाघ बचाओ अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि यह दिन पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता को बनाए रखने में बाघों के महत्व की याद दिलाता है। यह लोगों को कार्रवाई करने और उन प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो इन प्रतिष्ठित बाघों का संरक्षण करते हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए उनका अस्तित्व सुनिश्चित करते हैं। कैरैली स्कूल के प्रिंसिपल एपी वर्मा ने एचडीएफसी बैंक की पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि वह भविष्य में भी सभी प्रकार के जागरूकता अभियानों में बैंक का समर्थन करेंगे और भाग लेंगे। श्री अभिषेक ने यह भी बताया कि एक बैंक के रूप में हम हमेशा जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए इस प्रकार की पहल को प्रोत्साहित करने का प्रयास करते हैं। इस कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक के बीआईटी शाखा प्रबंधक अनुराग ठाकुर, पर्सनल लोन के राज्य प्रमुख राणा बहादुर और जितेंद्र सिंह, विभिन्न शिक्षक और बैंक स्टाफ उपस्थित थे।

## इक्फाई विश्वविद्यालय

# सीयूईटी-2023 उम्मीदवारों की काउंसलिंग और स्पॉट नामांकन तिथियों की घोषणा की




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने अपने दलादाली परिसर में सभी यूजी/पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 7 से 12 अगस्त 2023 तक सीयूईटी-2023 शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए काउंसलिंग और स्पॉट एडमिशन तिथियों की घोषणा की है। प्रेस को संबोधित करते हुए, प्रोफेसर (डॉ.) रमण कुमार झा, कुलपति, इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने कहा, हमारा प्रयास हमारे प्रिय छात्रों के सर्वांगीण विकास के सभी पहलुओं पर है और उन्हें वे सभी रास्ते दिखाते हैं जहां प्रकाश मौजूद है। व्यक्तिगत रुचियाँ, कौशल, मूल्य-प्रणाली, व्यक्तित्व लक्षण और विशिष्ट बुनियादी प्रवृत्तियाँ जो एक बहुत ही किफायती कार्यक्रम शुल्क में प्रदत्त हैं। हम उन्हें उनके चुने हुए क्षेत्रों में गहराई से अंतिम उपलब्धियों तक ले जाएंगे और एसएपी, टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, हिताची, मारुति-सुजुकी और इसी तरह के कुछ प्रसिद्ध उद्योगों से उद्योग प्रदर्शन और उद्योग से जुड़े प्रमाणन कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त अवसर भी प्रदान करेंगे। हम इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में अपनी वर्ल्ड इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन (विन) लैब्स के साथ-साथ अपनी स्किल एन्हांसमेंट और लैंग्वेज लैब, डेटा साइंस और आई लैब और साइबर सिक्योरिटी लैब के माध्यम से क्वालिटी स्किलिंग, अपस्किलिंग और रीस्किलिंग पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय ने झारखंड के छात्रों के साथ-साथ अन्य राज्यों के बच्चों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की है ताकि उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान की जा सके. काउंसलिंग और स्पॉट एडमिशन के बारे में बताते हुए, रजिस्ट्रार प्रोफेसर अरविंद कुमार ने कहा, ह्लकाउंसलिंग और स्पॉट एडमिशन 7 अगस्त से 12 अगस्त 2023 तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक दलादाली, रिंग रोड, रांची में स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

# धनबाद : सिंह मेंशन समर्थक की हत्या



मृतक का फाइल फोटो



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया में वर्चस्व की लड़ाई एक बार फिर तेज हो गई है. इस लड़ाई में कभी मारपीट तो कभी खून बहाने की घटना भी सामने आती रही हैं. विगत सोमवार 31 जुलाई की आधी रात के बाद घर में घुस कर सिंह मेंशन समर्थक धनंजय की हत्या से झरिया का माहौल गर्म हो गया है. इलाके में फिर तनाव बढ़ गया है. अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि वे अब घर जैसे सुरक्षित स्थान को भी असुरक्षित बनाने पर तुले हैं. दोनों गुटों के अलावा आम लोगों के बीच भी यह वारदात बेचैन करने वाली है. बताते हैं कि धनंजय अपनी दो बच्चियों के साथ के अपने कमरे में सोया था. उसके पिता भगवान यादव अलग रूम में सोये थे. तभी आधा दर्जन से अधिक लोग उसके घर पर आ धमके. कमरे में घुस कर पहले तो भुजाली से ताबड़तोड़ प्रहार किया. फिर उसे गोली मार दी गई. अपराधियों ने बमबाजी कर आसपास दहशत फैला दी. स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस पहुंची व शव के पास एक बम बरामद किया. शव के निकट उसकी पत्नी व दोनों पुत्रियां विलाप कर रही थी. हत्या का कारण पुरानी

## झरिया में बढ़ा तनाव

अदावत और कोयला के अवैध धंधे में वर्चस्व बताया जा रहा है. इस घटना से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है. भारी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गई है. बताया जा रहा है कि 36 वर्षीय धनंजय सिंह मेंशन के लिए काम करता था. इस वर्ष विगत 19 जनवरी को धनंजय और रघुकुल समर्थक रामबाबू धिक्कार के बीच सिंह नगर गुलगुलिया बस्ती में खूनी संघर्ष हुआ था. उस समय धनंजय के दोस्त निरंजन तांती की पीट पीट कर व तलवार घोंप कर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में रामबाबू धिक्कार फरार चल रहा है. सोमवार की देर रात लगभग 12:30 बजे घर में घुस कर की गई इस हत्या ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है. गोली, भुजाली का प्रहार और फिर बम के धमाके. जाहिर है अपराधी पूरी तैयारी के साथ और हर हालत में अपना मंसूबा साधने की नीयत से आए थे. खबर पाकर झरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### भाजपा समर्थकों को बनाया जा रहा निशाना : रागिनी

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि अपराधियों का मनोबल किस तरह बढ़ा हुआ है, उसका अंदाजा लगाया जा सकता है. अपराधियों का दल किसी के घर में घुसकर परिजनों के सामने गोली, भुजाली व चाकुओं से शरीर को चीर देता है. जाहिर है के झरिया में भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया जा रहा है. इस से पहले भी निरंजन तांती की हत्या हुई. आरोपी फरार है. पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है. यह सब किसके इशारे पर हो रहा है, झरिया की जनता बखूबी समझती है. इस प्रकार का कुकृत्य करने वालों को आने वाले समय में जनता जवाब देगी.

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**धनबाद।** पाथरबंगला जामाडोबा निवासी असंगठित मजदूर धनंजय राम की 32 वर्षीय पत्नी मीरा देवी की मौत मंगलवार 1 अगस्त की सुबह बिजली करंट की चपेट में आकर हो गई. पुलिस ने पंचनामा कर शव परिवार के लोगों को सौंप दिया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि जामाडोबा आर एस फीडर सेंटर 200 केबी का ट्रांसफॉर्मर पोल लगा हुआ है. सुबह 4 बजे 11 हजार केबी का तार टूट कर गिर गया. तार टूटने की आवाज सुन कर कई लोग घर छोड़ कर बाहर निकल गए. इसी बीच मीरा देवी ने नहाने के लिए बाथरूम गई. बाथरूम का बल्ब जलाने के लिए स्वीच ऑन किया तो करंट की चपेट में आ गई.

# टैली सोल्युशन्स ने किया रांची में 360 डिग्री एजुकेटिव कैंपेन शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पांच करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड बिजनसेज के लिए ई-इनवॉसिंग को अपनाने की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है। ऐसे में टैली सोल्युशन्स, अपने व्यापक एवं इंटीग्रेटेड सोल्युशन टैली प्राइम 3.0 के साथ उन्हें ई-इनवॉयसिंग को अपनाने एवं इसके प्रबन्धन में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी रांची के बिजनसेज को जरूरी संशोधनों के बारे में जानकारी देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, ताकि ये बिजनसेज नियमों के अनुसार कम्प्लायन्ट बने रहें। भारत सरकार 2020 से ई-इनवॉयसिंग के अडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्यमों) इन नियमों को आसानी से अपना सकें, इसके लिए कंपनी ने रांची में 360 डिग्री एजुकेटिव कैंपेन शुरू किया है। यह कैंपेन रांची के 24933 बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग, ई-वे बिल, ऑडिट ट्रेल आदि को समझने में मदद करेगा, वह जान सकेंगे कि किस तरह टेक्नोलॉजी के जरिए वे आसानी से ई-इनवॉयसिंग को अपना सकते हैं और साथ ही साथ अपने बिजनेस की उत्पादकता में सुधार लाकर अपना मुनाफा भी बढ़ा सकते हैं। टैली प्राइम 3.0 बेहतर जीएसटी रेट सेटअप तथा जीएसटी रिटर्न के लिए तीव्र एक्सेस देता है, इसका इंटीग्रेटेड पेमेन्ट रिक्वेस्ट फीचर कलेक्शन सायकल टाइम को काफी हद तक कम कर देता है। कंपनी उद्योग जगत के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर स्थानीय बिजनसेज के लिए जागरुकता सत्रों एवं हाइपरलोकल पहलों का आयोजन कर रही है, जिनके माध्यम से बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। टैली ई-इनॅवायसिंग को अपनाने के लिए हर जरूरी जानकारी देकर बिजनसेज की संचालनात्मक दक्षता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। टैली सोल्युशन्स के इंडिया बिजनेस हैड जॉयस रे ने कहा कि भारत सरकार ने एक अगस्त 2023 से 5 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले बिजनसेज के लिए ई-इनवॉयसिंग को अपनाना जरूरी कर दिया है। ई-इनवॉयसिंग के पिछले चरणों के दौरान टैली ने उंचे टर्नओवर वाले बिजनसेज को ई-इनवॉयसिंग अपनाने में मदद की है और अब कंपनी रांची में इस बड़े सेगमेन्ट की बिजनेस कम्युनिटी को भी सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

### चंद्रवंशी महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

**बोकारो।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की तैयारी को लेकर एक अगस्त को फुसरो में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगरनाथ राम ने की. बैठक में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव सुदेश चंद्रवंशी ने कहा कि संगठन के बिना समाज का विकास नहीं हो सकता इसलिए हमें समाज को आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा. प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ राम ने कहा कि समाज के समुचित विकास के लिए झारखंड के चंद्रवंशियों को एक होना होगा. बैठक में प्रदेश महामंत्री बासुदेव राम, हजारीबाग के जिलाध्यक्ष अजीत चन्द्रवंशी, बोकारो जिलाध्यक्ष बबलू चन्द्रवंशी और मदन वर्मा, दिलीप कुमार, प्रदीप वर्मा, भरत वर्मा, गौतम चन्द्रवंशी, राजेश वर्मा, गौतम, दुर्गा राम, उमेश राम, ओम प्रकाश, मनोज चन्द्रवंशी, दिनेश रवानी, सुखदेव रवानी, सुंदर लाल चन्द्रवंशी आदि मौजूद थे.

# आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत टोंटो एवं गुदड़ी का चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के निमित्त उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार किया गया. कार्यशाला में बताया गया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तर्ज पर आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का संचालन किया जाना है. जिसके तहत जिले के दो प्रखंड टोंटो एवं गुदड़ी का चयन केन्द्र स्तर से किया गया है. कार्यशाला में उपायुक्त के द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संलग्न पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया. इस दौरान आकांक्षी जिला अंतर्गत शामिल सूचकांक स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना तथा वित्तीय समावेशन, सामाजिक विकास से संबंधित बिंदुओं पर पीपीटी प्रदर्शित करते हुए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. कार्यशाला में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त संदीप बख्शी ने अगस्त माह में चयनित दोनों प्रखंडों में चिंतन शिविर तथा प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों संग कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया. उक्त कार्यशाला में सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल आदि उपस्थित थे.

### किरीबुरु : महिला ने वृद्ध की डंडे व दौली मारकर की हत्या

**चाईबासा।** किरीबुरु थाना अन्तर्गत टाटीबा गांव के रुटागुटू टोला निवासी 70 वर्षीय वृद्ध रुड़िया कैतवार की हत्या इसी गांव की निवासी 26 वर्षीय महिला पद्मिनी पूर्ति ने डंडा और लोहे की दौली के मार कर दी. घटना 31 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे की बताई जा रही है, लेकिन भारी वर्षा होने की वजह से घटना की जानकारी ग्रामीणों को मंगलवार की सुबह 10 बजे मिली. इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. किरीबुरु थाना प्रभारी फिलमोन लकड़ा ने मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम हेतु चाईबासा भेज दिया है. घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त खून लगा डंडा एव दौली बरामद कर लिया गया है. पुलिस आरोपी महिला को पकड़ पूछताछ कर रही है. घटना के संबंध में आरोपी महिला ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं. एक बच्चा बीमार था. मृतक रुड़िया कैतवार गांव का वैद्य था और जड़ी-बूटी की दवा देता था. घटना वाली शाम वह अपने बीमार बच्चे के लिये वैद्य के घर दवा लेने गई थी.

# घाटशिला : हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के आसना पंचायत अंतर्गत ढ़ाकपाथर गांव में सोमवार की देर रात दो हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया. इस दौरान ढ़ाकपाथर गांव निवासी रामदास मुर्मू के घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया. इस दौरान घर में रखे चावल, धान समेत अन्य अनाज को चट कर गया. रामदास मुर्मू के परिवार वालों ने किसी तरह घर से भागकर अपनी जान बचाई. सोमवार की रात के 11 बजे हाथियों ने हमला किया. रामदास के घर को तोड़ने के बाद दोनों हाथियों ने मदन पातर के घर को भी छतिग्रस्त कर दिया. मदन अत्यंत गरीब है वह खाने के लिए रविवार को ही 10 किलो चावल खरीद कर घर लाया था. उसे भी हाथियों ने चट कर गया. इसी दौरान घर में सोए बच्चे पर भी हाथियों ने हमला किया. लेकिन वहां से बच्चों ने भाग कर अपनी जान बचाई. गांव पर हमला करने के बाद रात्रि लगभग एक बजे दोनों हाथी जंगल की ओर निकल गए. हाथियों के उत्पात से ग्रामीण दहशत में हैं. जानकारी हो कि चाकुलिया, बहरागोड़ा एवं धालभूमगढ़ प्रखंड को हाथी निशाना बनाने के बाद अब घाटशिला प्रखंड में प्रवेश कर गए है. मंगलवार सुबह तक घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को नहीं दी थी.

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द डेफोडिल स्कूल के समीप मंगलवार 1 अगस्त की सुबह लगभग 7 बजे तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया. घटनास्थल पर पर उसकी मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक संख्या इफ21एफ 5563 पर सवार वासुदेवपुर निवासी 35 वर्षीय मुकेश पासवान अपने बच्चे को छोड़ने करकेंद के एक निजी विद्यालय आया था. घर लौटते समय केंदुआ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. मृत युवक के 2 बच्चे व भरा पूरा परिवार है. उसकी शादी 2012 में हुई थी. इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने धनबाद-कतरास मुख्य मार्ग व धनबाद-पुटकी मार्ग को करीब 5 घंटे तक जाम कर दिया. घटना की जानकारी होते ही पुटकी थाना व भागाबांध ओपी की पुलिस घटनास्थल पहुंची. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. बताया गया कि ट्रक का मालिक लोयाबाद में रहता है. पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर जाम हटवाया व मृतक के परिजन को 20,000 हजार रुपये मुआवजा दिलाने का अश्वासन दिया. इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये एसएनएमएमसीएच भेज दिया.

### जामाडोबा में छात्रा के अपहरण के प्रयास में टेंपो चालक गिरफ़्तार

**धनबाद।** झरिया के जामाडोबा में मंगलवार एक अगस्त को कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़ और अपहरण के प्रयास में एक टेंपो चासक को हिरासत मे लिया गया है. मदर टेरेसा स्कूल जामाडोबा की कक्षा 9 की छात्रा ने बताया कि आरोपी टेंपो चालक वाजिद अली लगातार तीन दिनों से उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा है. मंगलवार को भी स्कूल से नगीना बाजार भौंरा स्थित अपने घर जाने के लिए निकली. तभी स्कूल गेट के पास वो आकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा. टेंपो चालक ने कहा कि तुम मेरा दिल मत तोड़ो, नहीं तो बहुत बुरा होगा. इतना कहकर वो छात्रा को जबरन टेंपो में बिठाने लगा. जिसके बाद छात्रा हल्ला करने लगी. छात्रा की शोर सुनकर मौके पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये और आरोपी टेंपो चालक वाज़िद अली को पकड़कर जोड़ापोखर पुलिस के हवाले कर दिया. स्कूल के सचिव किशोर कुमार ने कहा कि टेंपो चालक को सजा दिलाने के लिए हर तरह का प्रयास किया जाएगा.

**बड़ी राहत** | **बारिश से किसानों के खिले चेहरे**

# धान की रोपाई के लिए किसान खेतों में उतरे

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर कई बार बारिश हुई. लंबे अंतरात के बाद हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं. बारिश से धान समेत अन्य फसलों को संजीवनी मिल गई है. किसान खेत तैयार करने और धान रोपाई में जुट गए हैं. किसान दीपू सिंह, बैजनाथ सिंह, अजय यादव, विजय सिंह, राजेश कुमार, अजित शर्मा, पप्पू यादव व शंकर सिंह का कहना है मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिनों तक बारिश होने की संभावना जताई है. बारिश नहीं होने से धान की फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे थे. सिंचाई के लिए पैसा खर्च करना पड़ रहा था. बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है. वहीं बारिश के बाद अधिकतम तापमान गिरकर 34 और



न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है. लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है. लेकिन अभी भी अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ है. वहीं प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम ने बताया कि यह बारिश किसानों के लिए वरदान से कम नहीं हैं. सूखे की आशंका के बीच हुई इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है.

### किरीबुरू : डांगुवापोसी में मालगाड़ी हुई बेपटरी

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेल डिविजन अन्तर्गत डांगुवापोसी में मंगलवार सुबह 10 बजे मालगाड़ी बेपटरी होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस दुर्घटना में मालगाड़ी के कुछ डब्बे पटरी से उतरकर पलट गये है. किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है. सूत्रों का कहना है कि इस दुर्घटना के बावजूद भी रेल आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होगी, क्योंकि दो रेल लाइन क्लियर है जिसपर आवागमन हो रही है. भारी बारिश की वजह से ये मालगाड़ी सिक लाइन से रोल डाउन होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए. इससे डेड एंड और उसके बगल की एक पटरी पर आवागमन बाधित हुआ है. घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधरपुर रेल मंडल सक्रिय हो गया है. मंडल के वरीय अधिकारी दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहे है हैं.

### चक्रधरपुर : ड्यूटी पर ट्रेन के धक्के से रेलकर्मी का पैर कटा, इलाज के दौरान मौत

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान एक रेलकर्मी की पैर कटने से मौत हो गई. घटना मंगलवार अहले सुबह लगभग चार बजे घटी. बताया जाता है कि 58 वर्षीय उमेश कुमार शर्मा चक्रधरपुर रेल मंडल के रेलवे इलेक्ट्रीकल ओपी विभाग में चक्रधरपुर में खलासी के पद पर कार्यरत थे. वे चक्रधरपुर के रेलवे आरई कॉलोनी स्थित क्वार्टर संख्या ई60/1 में अपने परिवार के साथ रहते थे. रात्रि ड्यूटी के लिए सोमवार रात रेलकर्मी उमेश कुमार शर्मा चक्रधरपुर स्टेशन आये थे. मंगलवार अहले सुबह लगभग चार बजे ड्यूटी के दौरान जब वे रेलवे स्टेशन के लाइन संख्या पांच को चेक कर रहे थे. इस दौरान चक्रधरपुर गोमो आद्रा मेमू ट्रेन प्लेसमेंट प्लेटफॉर्म पर लगायी जा रही थी. लाइन चेक के दौरान ट्रेन के एक तार में पैर फंसने से वे आद्रा मेमू ट्रेन के धक्के से गिर पड़े. इससे उनका दाहिना पैर कट गया. घटना की सूचना मिलने पर रेलवे अस्पताल पहुंचे आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारी व जवान उनके साथ उस वक्त ड्यूटी कर रहे विनोद कुमार महतो ने इसकी सूचना अन्य रेलकर्मियों को दी.

### रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने किया दुलमी प्रखंड का दौरा

# कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाने के लिए नए सिरे से सोचने की जरूरत : डीसी

**कृषि यंत्रों, सिलाई मशीन, केसीसी आदि का डीसी ने किया वितरण**



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मंगलवार को दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दुलमी प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित जल छाजन जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में अगर हमें कृषि क्षेत्र में मुनाफा कमाना है तो जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने होंगे। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं व प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों कि आए बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण परंपरागत तरीके से कृषि कर मुनाफा कमाना काफी कठिन होता है ऐसे में अगर आप सभी भूमि के अनुसार हाइब्रिड बीज व अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करें तो काफी लाभ होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि दुलमी प्रखंड में मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाए इसके लिए कार्य किया जा रहा है और जल्द ही लोग इसका लाभ ले सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बिना जल के कृषि कार्य नहीं किया जा सकता इसलिए हमें जल के महत्व एवं इसके संरक्षण के लिए कार्य करने की जरूरत है। मौके पर उपायुक्त ने जल संरक्षण हेतु वर्षा जल संचयन, सोख्ता गड्ढा निर्माण, ट्रेंच कम बंड आदि के संबंध में आवश्यक जानकारियां लोगों को दी वहीं उन्होंने आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कस्टम हायरिंग सेंटर अंतर्गत दुलमी एग्रीटेक एफपीओ को पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर आदि उपकरण उपलब्ध कराएं। वहीं, उपायुक्त ने लाभुकों के बीच सिलाई मशीन, केसीसी, अरहर बीच आदि का भी वितरण किया। कार्यशाला के दौरान एफपीओ, जल छाजन व जेएसएलपीएस द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों को स्टाल के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक अपनाने एवं इसके फायदों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। दुलमी प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने दुलमी बाजार टांड़ अंतर्गत दुलमी महिला एफपीसी लिमिटेड का उद्घाटन कर पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, मैनुअल स्प्रेयर, पैडी थ्रेसर सहित अन्य कृषि उपकरणों का वितरण किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, दुलमी प्रखंड प्रमुख, परियोजना निदेशक आत्मा, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, अंचल अधिकारी दुलमी, बीपीओ अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### हजारीबाग में 62वां प्री सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

# फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रामगढ़ की टीम रवाना



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** खेलो झारखंड के अंतर्गत 62वां प्री सुब्रतो मुखर्जी प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट हजारीबाग में आयोजित हो रहा है। जिसमें रामगढ़ की तीन टीमें भाग लेंगी। जिन्हें 1 अगस्त को हरी झंडी दिखाकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम एवं झारखंड शिक्षा परियोजना के कुल्लू आनंद द्वारा रवाना किया गया। इन टीमों को रामगढ़ से प्रतियोगिता में में भाग दिलाने के लिए डॉ सुनील कुमार कश्यप ,कमल कुमार महतो, मनोज तिर्की, रविंद्र कुमार, नीतीश कुमार 1 से 4 अगस्त तक के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है । ये टीमों के साथ हजारीबाग रवाना हुए। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला से मांडू प्रखंड के दो अंडर 17 बालिका वर्ग में जनता प्लस टू उच्च विद्यालय चैनपुर और अंडर 17 बालक वर्ग के लिए आदर्श उच्च विद्यालय लाइओ शामिल हैं। जबकि अंडर 14 के लिए दुलमी प्रखंड से उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुल्ही की टीम शामिल है। सभी टीमें रामगढ़ में जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं । जिससे इन टीमों के सदस्य उत्साहित हैं। इन टीमों के सदस्यों ने कहा की वे प्रमंडल स्तरीय टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि रामगढ़ जिला के इन टीमों को प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। कहा की अनुशासित होकर बेहतर प्रदर्शन कर जिला की ये टीमें शिखर तक पहुंच सकती हैं। इन्हें बस योजना बनाकर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की सभी को उम्मीद है की रामगढ़ जिले की टीमों प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम रौशन करेंगी।

# डीपीएसः वेब डिजाइनिंग-आर्टिफिशल इंटेलीजेंस पर कैरियर कॉउंसेलिंग



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के सभागार में बच्चों के उज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती और प्रिंसिपल स्वती रंजन ने संयुक्त रूप से किया। निदेशक ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। उन्होंने छात्रों को बताया कि आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत जरूरी है। स्वती रंजन ने बच्चों को वेब डिजाइनिंग और आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के बारे मे विस्तृत जानकारी दी और उनसे जुड़े सम्भवित करियर क्या क्या हो सकते है उसकी जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को ये भी बताया की आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिग होती है और आप उसकी सहायता से अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र चुनाव कर सकते हैं, हमारे समय में ऐसा नहीं था। उन्होंने बताया कि करियर चुनाव से पहले कुछ फैक्टर का जानना अति आवश्यक है, जिनमें कारण, वेतन, इज्जत, जाब सिक्योरिटी, प्लेजर टाइम, हेल्थ ईशू, आत्मविश्वास व परिस्थिति आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों से मार्गदर्शन व काउंसलिग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिमल किशोर, कुलदीप पासवान, पूनम कुमारी, का अहम योगदान रहा।

# उत्पाद विभाग के रिटायर्ड सिपाही के घर से उड़ाए थे आभूषण, तीन अरेस्ट



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है. उनके पास से चोरी के लगभग छह से सात लाख के आभूषण बरामद किए गए हैं. वहीं तीन आरोपियों कुम्हारटोली निवासी पुरुषोत्तम कुमार व बंटी कुमार और काजी मोहल्ला निवासी राज गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है. सभी आरापियों ने बंशीलाल चौक के पास रहनेवाले उत्पाद विभाग के रिटायर्ड सिपाही अजय गुप्ता के घर से 12 लाख के आभूषण उड़ाए थे. हजारीबाग सदर एसडीपीओ मंगलवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि 27 जुलाई को बंशीलाल चौक के पास अजय कुमार के घर में 12 लाख के आभूषण की चोरी हुई थी. इस संबंध में भुक्तभोगी अजय कुमार गुप्ता ने सदर थाना में मामला दर्ज कराया था. एसपी मनोज रतन चोथे के निर्देश पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई. टीम जांच में जुटी. टेक्निकल टीम की भी इसमें मदद ली गई. 31 जुलाई को गुप्त सुचना के आधार पर कुम्हारटोली के पास से दो अभियुक्तों पुरुषोत्तम यादव और राज गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया. पूछताछ में पहले तो दोनों मुकर गए, मगर सख्ती बरतने के बाद दोनों ने चोरी कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. साथ ही इस चोरी में एक और सहयोगी बंटी की संलिप्तता के बारे में भी बताया. तीनों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घर से चोरी के जेवरात बरामद किए गए.

### सदन में गूंजा कोनरा स्थित जियाडा में संचालित फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण का मामला



**बरही ।** मानसून सत्र के दौरान झावीस में बरही विधायक उकाशंकर अकेला यादव ने कोनरा स्थित जियाड़ा क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों से हो रहे प्रदूषण का मामला सदन में उठाया. सदन का का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अध्यक्ष से प्रदूषण के कारण हो रहे समस्याओं को अवगत कराया. प्रदूषण से स्थानीय लोगो के सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहे है, कई लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो चुके है. कारखानों में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है. उन्होंने सरकार से निर्धारित मानक के तहत फैक्ट्री संचालन हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग किया है.

### फाइलेरिया कार्यक्रम को लेकर बैठक कल

**बरकट्ठा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन और इन्द्रधनुष कार्यक्रम के शत प्रतिशत उपलब्धि को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के सभागार में तीन अगस्त को आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी बीपीएम रंजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर पूर्व में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने हेतु प्रखंड स्तरीय बैठक बीएलटीएफ का आयोजन किया गया है।

# विष्णुगढ़ के मजदूर की पुणे सड़क हादसे में मौत

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर समरूद्दीन अंसारी (55) की मौत सोमवार को महाराष्ट्र के पुणे-नासिक हाइवे पर हुए सड़क हादसे में हो गई. वह विष्णुगढ़ के नवादा निवासी स्व. चोलो मियां का पुत्र था. उसका शव पैतृक गांव आते ही परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया. समरूद्दीन कुछ माह पहले आर्थिक तंगी की वजह से कमाने के लिए पुणे गया था. वहां वह राजमिस्त्री का काम करता था. भवन निर्माण का काम एक जगह पूरा हो जाने के बाद वह दूसरी साइट पर काम करने के लिए जा रहा था. इसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक के घर में भी सूचना दी गई. शव को रीति रिवाज से सुपुर्दे खाक किया गया. मृतक के परिवार में पत्नी साजदा खातून समेत आठ संतान हैं.

# मांगों को लेकर डीएसओ के छात्रों ने किया प्रदर्शन



**हजारीबाग।** विनोबाभावे विश्वविद्यालय में छात्र प्रतिनिधि जीवन कुमार यादव और अभिषेक राज के नेतृत्व में डीएसओ (डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन) से जुड़े विद्यार्थियों ने तीन सूत्री मांगों को लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया. इससे पूर्व मांग पत्र के माध्यम से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया जल्द शुरू करने, एलएलबी, तथा एलएलएम की नामांकन प्रक्रिया को प्रारंभ करने व विश्वविद्यालय परिसर में मास कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र विभाग तथा क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई प्रारंभ करने की मांग की गई थी. त्वरित कार्यवाही नहीं होता देख कुलसचिव कक्ष के बाहर धरना दिया गया. प्रदर्शन के दौरान अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों से जुड़े मुद्दे पर स्वयं कदम उठाना चाहिए. परंतु छात्र विवश होकर धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अपनी मांगों को पूरा कराने को विवश होते हैं. जीवन कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर छात्रों का केंद्र बिंदु है. छात्र अपनी मांगों को लेकर लगातार आवाज उठाते रहते हैं. विश्वविद्यालय प्रशासन को अविलंब मांगों पर कार्यवाही करनी चाहिए. प्रदर्शन स्थल पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कौशलेंद्र कुमार, कुलानुशासक डॉ. मिथिलेश सिंह, छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष डॉ. अंबर खातून तथा अन्य पदाधिकारी पहुंचे. उन्होंने जल्द ही मांगों पर पहल किए जाने का आश्वासन दिया.

# फूड लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन पंजीकरण शिविर आयोजित

### पूर्वाहन दस बजे से संध्या चार बजे तक लिए जाएंगे दस्तावेज : डीएफएसओ



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** खाद्य कारोबारियों के लिए बुधवार को पूर्वाहन दस बजे से संध्या चार बजे तक प्रखंड कार्यलय चौपारण में फूड लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा. अनुमंडल कार्यालय के ऑपरेटर विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर जिला फूड सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है. डीएफएसओ से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियमानुसार खाद्य कारोबारियों को लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना अनिवार्य है. बिना लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन के कारोबार करना कानूनन दंडनीय अपराध है तथा छह माह का कारावास एवं पांच लाख रुपए तक का जुर्माना का प्रावधान है. उन्होंने यह भी बताया कि कारोबारियों के सुविधा के लिए अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में फूड लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन पंजीकरण शिविर लगाए जायेंगे. इस शिविर में खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, विनिर्माता, होटल, रेस्टुरेंट, कैटरर, बुचड़खाना, मछली दुकान, अण्डा दुकान, दुध दुकान, सब्जी-फल दुकान, फुड सप्लीमेंट बेचने वाले दवा दुकान, सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालय परिसर में संचालित कैन्टीन, स्टोर रूम इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराइटर/पार्टनर इत्यादि आवेदन समर्पित कर सकते है. आवेदन के साथ कारोबारी का पहचान पत्र, व्यवसाय स्थल का पता, एक पासपोर्ट साईज फोटो तथा वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक के लिए एक सौ रुपए प्रति वर्ष की हिसाब से पंजीकरण शुल्क देना होगा.

**शीघ्र खुलासा हो** — चोरी के एक दिन पहले पुलिस को किया था आगाह, नहीं होती है पेट्रोलिंग : संजय

# करियातपुर में बढ़ी चोरी की घटना, अपराधी गिरफ्त से बाहर

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** शुभम मोबाइल करियातपुर में चोरी के 24 घंटे बाद भी अब तक चोर गिरफ्त से बाहर है. किसी भी प्रकार कोई सुराग नहीं मिला है. उक्त बातें भुक्तभोगी दुकानदार संजय केसरी ने कही. उन्होंने बताया कि उनके दुकान से लगभग तीन लाख रुपए का माल चोरी हुआ है. जिसमे सभी पुराना मोबाईल है जिसे ग्राहकों ने रिपेयरिंग के लिए दिया था. उन्होंने बताया कि पिछले कई महीनों से करियातपुर बाजार में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई है और आए दिन चोरी का अंजाम दिया जा रहा है. पीड़ित दुकानदार का कहना है कि कुछ स्थानीय युवक देर रात तक ड्रग्स और नशीले पदार्थ का सेवन करते है. दिन भर बाजार की गतिविधियों पर नजर रखते है और रात में घटना का अंजाम देते है. घटना के दिन तीन अन्य दुकानों में भी चोरी का प्रयास हुआ. पिछले छह माह से स्थानीय दुकानदार परेशान है. वेंटिलेटर तोड़कर घुसना और घटना का अंजाम देना यह इनका तरीका हो गया है. पुलिस की गश्ती भी नही होने से अपराधी बेलगाम हो गए है और आए दिन घटना का अंजाम दे रहे है. उन्होंने यह भी बताया कि घटना के एक दिन पूर्व इन गतिविधियों को पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को जानकारी भी दिया था. परंतु कोई फर्क नहीं पड़ा और घटना हो गए. वही मामले को लेकर थाना प्रभारी से बात नही होने के कारण चोरी से सबंधित अब तक के कार्यों की जानकारी नही मिल सकी है. आए दिन चोरी की घटनाओं से परेशान करियातपुर के दुकानदार पुलिस से चोरी की घटनाओं का शीघ्र उद्भेदन करने की मांग किया है.





### डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन प्रारंभ नहीं किए जाने का मामला विधायक ने सदन में उठाया

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सूर्यकुण्ड धाम स्थित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण एक वर्ष पूर्व हो चुका है। परंतु शैक्षणिक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है । स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा सदन में पठन पाठन प्रारंभ करने को लेकर प्रश्न उठाया गया।जिसके जवाब में सरकार के द्वारा बताया गया कि डिग्री कॉलेज बरकट्ठा के लिए कुल 29 पदों का सृजन विभागीय संकल्प संख्या 1612 के द्वारा किया गया है।उक्त महाविद्यालय के हस्तांतरण के लिए पत्र समर्पित किया गया है।इस हेतु विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा हस्तांतरण के लिए विश्वविद्यालय के पत्रांक वीबीयू/सीसीडीसी/आर/1461 2023 दिनांक 19/05/2023 के द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय के भवन हस्तगत होने के पश्चात आगे की कार्यवाई सुनिश्चित कि जायेगी।

## डीसी ने की पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक, कहा

# बंद डे बोर्डिंग सेंटर को करें जल्द शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने जिले में खेल एवं पर्यटन से संबंधित संचालित कार्यों योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत 4 आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र जिसमे हॉकी-03 एवं फुटबॉल 01 एवं 12 डे बोर्डिंग सेंटर प्रशिक्षण केंद्र संचालित है। उन्होंने ने बताया कि 01 डे बोर्डिंग सेंटर प्रशिक्षण केंद्र बंद है व वर्तमान में 11 संचालित है। उपायुक्त ने बंद डे बोर्डिंग सेंटर को शुरू कराने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने ने जिलान्तर्गत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इण्डोर स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट, योगा, एथलेटिक्स्ट, क्रिकेट, बॉलीबॉल आदि से संबंधित निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य, झारखंड के समीक्षात्मक बैठक में प्राप्त निर्देशनुसार सिमडेगा जिलान्तर्गत प्रखंड के ठेठईटांगर ग्राम- जामबाहर के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी पूर्णिमा कुमारी के गांव में आवासीय फुटबॉल कीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलने हेतु भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है, इस दिशा में उपायुक्त ने ससमय भूमिका चयन कर विभाग को उपलब्ध कराने हेतु ठेठईटांगर अंचल अधिकारी को आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश देने की बात कहीं। उपायुक्त ने पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी लिया। वित्तीय वर्ष 2021-22 में केलाघाघ डैम में नौका विहार से संबंधित कार्यों की समीक्षा किया। जिस पर खेल पदाधिकारी ने बताया कि नौका विहार हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने केला घाघ डैम में नौका विहार की संचालन शुरू कराने हेतु संवेदक को ससमय कार्य आदेश देने की बात कही। उन्होंने जेम्स पोर्टल पर खेल विभाग हेतु सामग्री खरीदने से संबंधित कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक बातें कहीं। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं बिधुत विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों योजनाओं से सम्बंधित चर्चा की गई। इसमें उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा रामरेखा धाम में बृहत ग्रामीण जलापूर्ति योजना के सफल संचालन एवम रखरखाव हेतु उक्त योजना की निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि है रामरेखा धाम में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं उसे पेयजल की समस्या ना हो, मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुचारू रूप से पानी की सुविधा को ससमय बहाल रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी को 2 दिन के अंदर रामरेखा धाम का भ्रमण का पानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल विशेश्वर मरांडी को रामरेखा धाम परिसर में विद्युत की व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पानी की सप्लाई हेतु बिजली की व्यवस्था को सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। तथा रामरेखा धाम परिसर में अधिष्ठापित सोलर एवं स्ट्रीट लाइट की जानकारी ली।बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने सेलेस्टिन के परिवार को दिया आर्थिक मदद

**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा मंगलवार को तुमडेगी पहुंच एक परिवार के बीच सूखा राशन, दाल, आलू, तेल आदि का वितरण किया। वहीं क्रुसकेला गांव भी पहुंच झारखंड की बहू बनी कुकी समुदाय महिला से मिली। साथ ही दो बोरा चावल, आलू, दाल, सरसो तेल, सोयाबीन, मिठाई आदि दिया। साथ ही आगे भी हर सम्भव मदद करने का भरोसा जताया। जोसिमा ने बताया कि तुमडेगी गांव निवासी सेलेस्टिन बाड़ा 50 वर्ष पूर्व मणिपुर गया था तथा वहीं बस गए थे। वे अपने सभी 19 सदस्यों के साथ मणिपुर में खुशहाल जिंदगी जी रहे थे। लेकिन कुछ माह से मणिपुर में हो रहे दंगे के बाद वे लोग मणिपुर से लौट कर सिमडेगा आ गए। गांव लौटने के बाद उनके समक्ष खाने के लिए कुछ भी नहीं था। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा तुमडेगी व क्रुसकेला पहुंच सेलेस्टिन बाड़ा के परिवार को सूखा राशन भेजवाया। जोसिमा खाखा ने कहा कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। आपको कोई भी परेशानी हो तो तुरंत जानकारी दें। उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ विधायक भूषण बाड़ा और कांग्रेस परिवार साथ खड़ा है। सिमडेगा में किसी चीज की कोई कमी होने नहीं दी जाएगी। मौके पर जोसिमा खाखा ने सभी बच्चों का गांव के नजदीक स्थित विद्यालय में नामांकन करवाने, राशन कार्ड बनवाने, जॉब कार्ड बना मनरेगा योजना के तहत रोजगार दिलाने के लिए भी पहल करने का आश्वासन दिया।

## फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**बानो।** महाबुआंग पुलिस ने तापकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लतोली, ससनबेड़ा थाना तापकरा जिला खूंटी निवासी कुलदीप सिंह पिता स्व तिलक सिंह के घर में 29 जुलाई 2023 को इश्तेहार चिपकाया,महाबुआंग थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता ने बताया की 24 दिसंबर 2022 को कोनसोदे कौआजोर में पाईपलाइन में भल्ब लगा कर तेल चोरी करने का आरोप है,पुलिस ने कोर्ट के निदेर्शानुसार आरोपी व्यक्ति के घर जाकर इश्तेहार चिपकाया, मालूम हो अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से लगातार फरार पाया जा रहा है।

## व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के सुगाडोंगर बनटोली गांव में एक एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या ।घटना की सूचना ग्रामीणों ने बोलबा पुलिस को दिया । बोलबा पुलिस सोमवार देर रात 8 बजे घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया । मृतक की पहचान रस्सी सिंह गांव कोनपाला लेटाबेड़ा बताया जा रहा है वह अपने रिश्तेदार के यहाँ सुगाडोंगर बनटोली गांव मेहमान आया था । बताया जा रहा है कि उनका दिमागी हालत ठीक नहीं था । वह चौकीदार था उनके स्थान पर उनका बेटा काम करता है। इधर मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल सिमडेगा में व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## बानो में मासिक समीक्षा की बैठक

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय बानो के सभागार में मासिक समीक्षा की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में प्रखण्ड में चल रहे बिकास योजनाओ में गति लाने पर चर्चा की गई।प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य का निरीक्षण कर कार्य में गति लाने पर जोर दिया गया।मानव दिवस सृजन के तहत योजना का आरंभ करना है।लछ्य के अनुसार कार्य करने पर चर्चा की गई।आम बागवानी योजना से अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने पर चर्चा की गई। मौके पर चारु प्रसाद,आशुतोष कुमार सहित पंचायत सेवक व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## शिक्षक की 94 वर्षीया मां कुंती देवी का निधन

**झुमरी तिलैया।** शिक्षक संजय सिन्हा की 94 वर्षीया मां कुंती देवी का निधन एक अगस्त की सुबह में हो गया। वो एक धर्म परायण महिला थी और पिछले कुछ महीने से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## सेवानिवृति रसोईया को दी गई विदाई



**झुमरी तिलैया।** प्राथमिक विद्यालय खरखरो में कार्यरत रसोईया गुलाबी देवी के सेवानृवित होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा उनके सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विदाई समारोह में उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि हमारा विद्यालय एक परिवार की तरह है। और जिस प्रकार से परिवार में लोग रहते हैं हम सभी एक साथ यहां मिलजुल कर के रहते हैं। आज विद्यालय की रसोईया गुलाबी देवी का सेवा काल पूर्ण होने पर उनकी विदाई के अवसर पर समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव यादव ने कहा कि इनके कार्यकाल में कैसे बच्चों को बेहतर भोजन मिले इसकी हमेशा उनको चिंता रहती थी। और उन्होंने अपने कार्य को दायित्व पूर्ण निर्वहन किया। आज इनके सेवाकाल पूर्ण होने पर हम सभी इन को विदाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना भी रहे हैं।इस मौके पर उप मुखिया विनोद कुमार यादव वार्ड सदस्य होरिल यादव सहायक अध्यापक रमेश प्रसाद यादव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिता देवी संयोजिका अंजू देवी उपाध्यक्ष गायत्री देवी तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता अभिभावक उपस्थित थे।

# जनसमस्याओं से रूबरू हुईं डीसी मेघा भारद्धाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में झुमरी तिलैया के ताराटांड़ के रहने वाले अभिषेक कुमार ने उपायुक्त महोदया को अपनी समस्या से अवगत करते हुए बताया कि मेरा बच्चा गंभीर बीमारी से ग्रासित है, पैसे के अभाव में इलाज कराने में समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सहायता राशि उपलब्ध कराने को लेकर न्याय की गुहार लगायी। उपायुक्त महोदया ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को बच्चे के ईलाज हेतु मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। बीरेंद्र प्रसाद ग्राम मसमोहना ने अपने आवेदन के माध्यम से उपायुक्त महोदया को बताया कि मेरे पास राशन कार्ड है, लेकिन जब राशन लेने जाता हूं तो बहुत कम राशन मिलता है। उक्त मामले में उपायुक्त महोदया ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्थल भ्रमण करते हुए मामले की जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। लखीबागी की रहनेवाली मंजू देवी ने अपने जमीन नापीं कराने को लेकर आवेदन दी। उपायुक्त महोदया ने अंचल अधिकारी कोडरमा को अमीन की प्रतिनियुक्ति करते हुए जमीन की नापीं करने का निर्देश दिये। राहुल कुमार ने उपायुक्त महोदया को अपनी समस्या अवगत कराते हुए बताया कि मेरे पिता के द्वारा मेरी पढ़ाई में अवरोध पहुंचाने एवं मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित किया जाता है। उपायुक्त महोदया ने एएसपी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त रास्ता बंद करने, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

# विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** डायट सिमडेगा में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सिमडेगा,सी थ्री के राज्य प्रतिनिधि एवं डायट सिमडेगा के प्राचार्य सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। यह कार्यक्रम आयुष्मान भारत पहल के तहत चलाया जा रहा है। झारखंड सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर बच्चो के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संचालित किया जा रहा है जिससे बच्चे स्वास्थ्य एवं स्वच्छ रह सकें। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जिस तरह से सीबीएसई सहित अन्य स्टैंडर्ड स्कूलों में हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर रखा जाता है उसी तर्ज पर शिक्षा विभाग में भी अब प्रत्येक विद्यालयों में दो हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी जो कि बच्चों के अंदर शारीरिक मानसिक और सभी प्रकार के परिवर्तन पर उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जागरूक कर सकें इससे विद्यालय के पठन-पाठन के साथ-साथ बच्चों की स्वास्थ्य में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न नहीं होगीइस अवसर पर डायट के सभी संकाय सदस्य, डीआरजी तथा चार प्रखंड के दो बैच के 110 शिक्षक जो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मौजूद थे।

## कोडरमा जिला एवं प्रखंड स्तर पर हर सप्ताह मंगलवार-शुक्रवार को होगा जनता दरबार



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आम जनों की समस्या के समाधान एवं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाये जाने हेतु प्रत्येक सप्ताह के कार्यालय दिवस में मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष जनता दरबार का आयोजन जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर किया जाना है। इस निमित जिला स्तर पर उपायुक्त महोदया की अध्यक्षता में प्रत्येक सप्ताह के कार्यालय दिवस में मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त महोदया ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रखण्ड स्तर पर प्रत्येक सप्ताह के कार्यालय दिवस में मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष जनता दरबार का आयोजन संबंधित प्रखण्ड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी संयुक्त रूप से करना सुनिश्चित करेंगे। जनता दरबार के दिन प्रखण्ड स्तरीय पर्यवेक्षी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रखण्ड स्तरीय जनता दरबार में प्राप्त होने वाली आम जनों की प्रखण्ड / अंचल स्तर की समस्याओं का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे एवं तत्संबंधी सूचना आम जनों को उपलब्ध करायेंगे।

# जगन्नाथ जैन कॉलेज झुमरी तिलैया में विदाई समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** जगन्नाथ जैन कॉलेज झुमरी तिलैया कोडरमा में, डॉ० गोपाल मिश्रा जो महिला महाविद्यालय कोडरमा के प्राचार्य एवं वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष( जेजे कॉलेज) का सेवा सेवानिवृत्ति का विदाई समारोह का सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ गोपाल मिश्रा सर वनस्पति विज्ञान के प्रख्यात विद्वान रहें एवं जेजे कॉलेज में 43 वर्ष सेवा किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मिथिलेश उपाध्याय किए। एवम मंच का संचालन डॉ बलदेव राम विभागाध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान किए। प्राचार्य डॉ मिथिलेश उपाध्याय सर ने डॉक्टर गोपाल मिश्रा सर की 43 वर्ष की सफल शिक्षण कार्य एवं शोध कार्य पर विस्तृत प्रकाश डाले तथा साथ ही उनको शोध कार्य का लाभ महाविद्यालय को भविष्य में भी देने का उल्लेख किए । डॉ० अनिल कुमार महाविद्यालय बर्शर एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष ने उनके सफल शिक्षण के गतिविधियों पर प्रकाश डालें। साथ ही डॉ संजय कुमार विभागाध्यक्ष बी०एड० ने उनके सफल शिक्षण कार्य एवं बीएड के प्रशिक्षुओं की विद्यालय में विज्ञान प्रायोगिक संबंधी अनेक सहयोगी कार्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल मार्गदर्शन देने आदि का विस्तार वर्णन किए। डॉ० गोपाल मिश्रा सर बी०एड० संभाग को सफल संचालन हेतु हमेशा समर्पित रहे हैं। डॉ मिथिलेश उपाध्याय सर ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर डॉक्टर गोपाल मिश्रा को सम्मानित किए। डॉ अनिल कुमार ने भी पुरस्कार देकर सम्मानित किए। महाविद्यालय के अनेक शिक्षक गण ने उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किए जिसमें कनक, चंचल, बालदेव सर आदि थे। महाविद्यालय के अनेक शिक्षकेतर कर्मियों जैसे कांति सिंह रितेश माधव, राजेश आदि ने गोपाल मिश्रा को मलयार्पण कर सम्मानित किए एवं उनके शिक्षण कार्य शैली तथा मधुर संबंध पर प्रकाश डालें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर छात्र-छात्राएं एवं बीएड प्रशिक्षु मॉनिटर राहुल कुमार पंडित, प्रशिक्षु अभिमन्यु कुमार तथा अन्य प्रशिक्षुगण सामिल थे।

## प्रतिबंधित पशु की हत्या करने वाले छह गिरफ्तार

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा बरटोली गांव में गौ हत्या करने वाले 6 लोग धाराएं । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा बरटोली गांव में गौ हत्या करने वाले 6 लोगों को घटना स्थल में ग्रामीणों ने पकड़ा । ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल बोलवा पुलिस को दिया गया । बोलबा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पहुंच गए प्रतिबंधित पशुओं के मांस सहित छह लोगों को धर दबोचा । इस संबंध में थाना प्रभारी अरुनिष रोशन ने बताया की घटना के संबंध में छानबीन की जा रही है तथा पुलिस द्वारा कार्रवाई भी की जा रही है । उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित पशुओं का मांस जप्त करते हुए 6 लोगों को अभी हिरासत में लिया गया है ।

### मणिपुर हिंसा के खिलाफ

# महागठबंधन आईएनडीआईए ने सिमडेगा में किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा के खिलाफ महागठबंधन आईएनडीआईए के द्वारा सिमडेगा कचहरी के समीप मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए मणिपुर सरकार एवं केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस एवं राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे मौके पर कहा गया की पूरा मणिपुर राज्य विगत 3 मई 2023 से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। बावजूद इसके हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक रही तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है। मणिपुर में भीड़ द्वारा महिलाओं को नंगा कर उनके शरीर के साथ दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो के वायरल होने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया तो उसके बाद प्रधानमंत्री ने घड़ियाली आंसू बहाते हुए अपनी चुप्पी तोड़ने की औपचारिकता पूरी की आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस अमानवीय घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। मौके पर संयुक्त रूप से उन्होंने कहा यह घटना सिर्फ जातिय नफरती नही बल्कि मणिपुर के पहाड़ो पर जो खनिज संपदा है उसको कुछ अपने चहेते पूंजीपतियों को लाभ पहुचाने का काम है , चुकी संविधान के धारा 371 के मणिपुर एक विशेष राज्य में आता है जिस कारण अन्य प्रदेशों के लोगो का अधिकार उस खनिज संपदा पर नही है । मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, झामुमो अध्यक्ष अनिल कंडुलना, आरजेडी जिला अध्यक्ष दिनेश बरला, पूर्व विधायक बसन्त कुमार लोंगा ,जोनसन मिंज, सफीक खान,जोसीमा खाखा,बिरजो कंडुलना आदि मौजूद थे।

**जागरूक** | मारवाड़ी युवा मंच ने किया उत्क्रमित प्रावि. में जूता वितरण कार्यक्रम का आयोजन

# सफलता का मूलमंत्र अनुशासन : विनीत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में शहर के वार्ड 4 स्थित उत्क्रमित प्रार्थमिक विद्यालय तिलैया बस्ती स्कूल में बच्चों के बीच जूता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झुमरी तिलैया निवासी नवनीत सिंह के सौजन्य से मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा कार्यक्रम संपन्न आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झुमरी तिलैया नगर प्रशासक विनीत कुमार एवं सिटी मैनेजर प्रशांत भारती उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए जागरूक किया गया। मौके पर नगर प्रशासक के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच जूते का वितरण किया गया। अचानक बच्चों को पैरों में नए जूते मिलने से वे काफी हर्षित हुए। मंच के द्वारा बच्चों को टॉफी भी बांटे गए। अपने संबोधन में जिले के विद्यालयों में लागू प्रोजेक्ट इंपैक्ट के ट्रेनर रह चुके नगर प्रशासक विनीत कुमार विद्यालय की गतिविधि एवं खासकर बच्चों में अनुशासन और कार्यकुशलता देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि सफलता का मूल मंत्र अनुशासन है, अब तक मैंने बड़े-बड़े विद्यालय का भ्रमण किया है परंतु यह विद्यालय सबसे अनोखा है। पूर्व उपायुक्त आदित्य रंजन के द्वारा प्रोजेक्ट इंपैक्ट यहां लगभग 90 प्रतिशत लागू है जो काबिले तारीफ है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों की तारीफ करते हुए उनकी इच्छा शक्ति को सराहा, साथ ही शिक्षक अमित कुमार की मांग पर विद्यालय परिसर एवं वर्ग कक्षाओं के लिए कूड़ेदान सहित जिला प्रशासन द्वारा मिलने वाले प्रोजेक्टर एवं कंप्यूटर देने की घोषणा की। अंत में उन्होंने विद्यालय एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने कहा कि मंच का उद्देश्य समाज सेवा है, ऐसे में सरकारी स्कूल में पठन-पाठन कर रहे जरूरतमंद बच्चों के बीच जूता देकर काफी खुशी मिल रही है। उन्होंने कहा इससे कहीं ना कहीं बच्चों में अनुशासन की भावना में वृद्धि होगी। उन्होंने आगे भी विद्यालय में सहयोग करने की घोषणा की। वहीं मंच के सचिव आशीष जोशी ने भी स्कूल एवं बच्चों के अनुशासन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा सरकारी विद्यालय में इस तरह की व्यवस्था बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं है। मंच आज इन बच्चों के बीच छोटी खुशियां बांट कर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में मंच के सदस्यों को बच्चों ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन मंच के पूर्व सचिव संजय ठोल्या ने की।

## NEWS इन ब्रीफ

### बस और बाइक की टक्कर में, एक की मौत, दो गंभीर

**शिवपुरी।** शिवपुरी में मंगलवार सुबह स्कूल बस ने बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में बाईक सवार एक नाबालिग की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गये है। बाइक सवार तीनों युवक बांकड़े हनुमान मंदिर दर्शन करने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया है। घटना के बाद आरोपित बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी अनुसार घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे देहात थाना क्षेत्र के लुधावली की है। बाइक पर सवार तीन युवक गुना-बायपास की ओर से बांकड़े हनुमान मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान आईटीआई की ओर से आ रही स्कूल बस की लुधावली क्षेत्र के गौशाला रोड के पास अंधे मोड़ के कारण बाइक से आपने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार फतेहपुर क्षेत्र के रहने वाले अरविंद रजक पुत्र मातादीन रजक (18वर्ष), मोनू यादव पुत्र दान सिंह यादव (30वर्ष) और गोलू ओझा पुत्र लल्लू ओझा (15वर्ष) गंभीर रुप से घायल हुए थे,जहां ईलाज के दौरान गोलू ओझा की मौत हो गई।

### एसटीएफ ने 90 किग्रा गांजा के साथ चार तस्करों को दबोचा

**वाराणसी।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की प्रयागराज इकाई ने रोहनिया क्षेत्र में स्थित इमामी एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड गोदाम के समीप छापेमारी कर 90 किग्रा गांजा के साथ चार तस्करों को भी दबोच लिया। तस्करों के पास से तस्करी में प्रयुक्त वाहन बोलेरो व मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं। बरामद गांजे की अनुमानित मूल्य लगभग 23 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों थाना खुटहन, जौनपुर निवासी सतिराम यादव पुत्र बाबू लाल यादव, ग्राम खिरौड़ी जमालपुर जनपद मिजार्पुर निवासी आसित पाण्डेय पुत्र हौसिला पाण्डेय, ग्राम भदवर रोहनिया वाराणसी निवासी अमित सिंह, भिखारीपुर राजा तालाब वाराणसी निवासी अवनीश कुमार सिंह मुरारी सिंह मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अन्तरराज्यीय गिरोह से जुड़े हैं। चारों ने पूछताछ में एसटीएफ टीम को बताया कि हम लोग ओडिशा से गांजा उत्तर प्रदेश में लाते है। गांजा को विभिन्न जनपदों में ऊंचें दामों में बेचते है। गांजे की बड़ी खेप पकडे.जाने पर काफी क्षति होती थी। इसलिए अब छोटे वाहनों में विशेष कैविटी बनाकर कम मात्रा में गांजा लाया जाता है। चारों ने बताया कि पुलिस को धोखा देने के लिए बोलेरो की छत में एक विशेष कैविटी बनवायी गयी है, जिसके अन्दर गांजा रखते हैं। हम राज्यवार बोलेरो का नम्बर प्लेट भी बदल देते है। बरामद गांजा खुटहन जौनपुर निवासी हनुमान यादव पुत्र कृष्णदेव यादव का है। उनके कहने पर मेरे साथ गये गुड्डू यादव ने ओडिशा राज्य से गांजा लाया। गुड्डू छापेमारी के पहले ही फरार हो गया।

### पिकअप वैन-स्कूटी की टक्कर, फायर फाइटर की मौत

**मालदा।** तेज रफ्तार पिकअप वैन व स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर में एक फायर फाइटर की मौत हो गयी। वहीं, इस घटना में सात श्रमिक घायल हो गए है। घटना मंगलवार समसी बाईपास इलाके में घटी है। मृतक की पहचान बुराबुरितला इलाके के निवासी मैनाक घोष (57) है। वह चांचल फायर ब्रिगेड का कर्मचारी थे। इधर, घटना में बसीर (32), सरीफुल इस्लाम (55), बब्लू हुसैन (34), हेसामुद्दीन (30), मोहम्मद यूसुफ (56), मुर्सलीम (22) और मोनिरुल (50) घायल है। सभी हरिशचंद्रपुर-2 ब्लॉक के बेलसूर गांव के रहने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक हरिशचंद्रपुर से लगभग दर्जनभर श्रमिक को लेकर एक पिकअप वैन रतुआ-2 ब्लॉक जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार पिकअप वैन के साथ टक्कर हो गई।

### मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में अधिकारियों को दिया निर्देश, कहा

# जरुरतमंदों का तुरंत हो इलाज

**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता की समस्या के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को साफ संदेश दिया कि अगर वह नहीं सुधरे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समय से अपने आफिस पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनने के निर्देश दिये और प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण करने को कहा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यह तल्ख तेवर मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सौ से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, डीजीपी विजय कुमार और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी मौजूद रहे।जनता दर्शन में ज्यादातर मामले अवैध कब्जे, आपसी संपत्ति विवाद, आपसी विवाद, इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार को लेकर आए। मुख्यमंत्री ने आए सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार के पास इलाज के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में किसी भी प्रदेशवासी एवं जरूरतमंद का इलाज नहीं रुकेगा। उनके प्रार्थना पत्रों पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज से जुड़े एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों की रोजगार संबंधी समस्या पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा देते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को निर्देशित किया कि सभी विभागों में जनता से मिलने के समय का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान अधिकारी अपने ऑफिस में मौजूद रहें। यदि वह किसी आवश्यक कार्य के चलते ऑफिस में नहीं उपस्थित हैं तो अपने अधीनस्थ को यह जिम्मेदारी सौंपें ताकि प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश की जनता की समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर उपस्थित डीजीपी विजय कुमार को आदेश दिया कि पुलिस प्रशासन से जुड़े मामलों को लटकाया न जाए, उसे समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए। वहीं इन मामलों को ज्यादा से ज्यादा थाने स्तर पर ही निपटाया जाए ताकि जनता में पुलिस का इकबाल और मजबूत हो सके।

### कैबिनेटःयूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन समेत 32 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कृषि, उच्च शिक्षा, पर्यटन और राजस्व समेत कई विभागों के 32 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, उच्चशिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन का फैसला किया गया है। इसमें एक अध्यक्ष और 12 सदस्य होंगे। अब इसी आयोग के तहत बेसिक, माध्यामिक और उच्च शिक्षा विभाग की सभी भर्तियां की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने हर जिले में एक निजी विश्वविद्यालय और मंडल में एक सरकारी विश्वविद्यालय का लक्ष्य रखा है।

### केंद्र सरकार ने फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित की

**जगदलपुर।** केंद्र सरकार ने फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई से अब 16 अगस्त कर दी है। ऐसे में जिन किसानों ने किन्ही कारणवश बीमा नहीं करवाया था, उनके पास दूसरा मौका है। भारत सरकार के एग्रीकल्चर एण्ड फार्मर वेलफेयर मंत्रालय ने यह आदेश जारी करते हुए कृषि विभाग को अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के द्वारा 25 जुलाई को अधिसूचना जारी करते हुए अधिक से अधिक संख्या में किसानों का बीमा करवाने निर्देशित किया गया था। इसके लिए कृषि विभाग के पास केवल 31 जुलाई तक समय था, महज 06 दिनों के भीतर ही हजारों किसानों का बीमा करवाने की चुनौती थी। इस समय किसान धान की फसल रोपाई में व्यस्त होने की वजह से भी पंजीयन करवाने समितियों और सीएससी केन्द्र नहीं पहुंच पा रहे थे। ऋणी किसानों का पंजीयन तो जिला सहकारी बैंक के द्वारा कर दिया किया जाता है, लेकिन अऋणी किसानों को सीएससी सेंटरों के माध्यम से बीमा के लिए पंजीयन करवाना होता है। वहीं पोर्टल में विगत दो दिनों से सर्वर के अप-डाऊन होने से पंजीयन ऑनलाइन नहीं हो पा रहा था।

## ईडी को सांसद नुसरत के खिलाफ मिली शिकायत



**एजेंसी। कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को अब तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य नुसरत जहां के खिलाफ एक संदिग्ध वित्तीय इकाई से जुड़े होने की शिकायत मिली है। राज्य भाजपा नेता शंकुदेब पांडा ने व्यक्तिगत रूप से सोमवार शाम को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में जहां के खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों ने कहा कि जब पांडा ने यह शिकायत दर्ज की थी, तब उनके साथ कुछ लोग भी थे, जिन्हें कथित तौर पर उस वित्तीय इकाई द्वारा धोखा दिया गया था, जहां उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य पूर्व निदेशक थीं। केंद्रीय एजेंसी को दी गई अपनी शिकायत में, पांडा ने आरोप लगाया कि सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नाम की उक्त इकाई ने ठगे गए निवेशकों से चार साल के भीतर उचित दरों पर आवासीय फ्लैट देने का वादा करके लगभग 6 लाख रुपये की राशि प्राप्त की। लेकिन उन्हें अभी तक वे आवासीय फ्लैट नहीं मिले हैं। पांडा ने कहा, यह वित्तीय घोटाले का स्पष्ट मामला है। मामले में पहले कोर्ट में केस दायर किया गया था। अदालत ने तृणमूल कांग्रेस सांसद को अदालत में उपस्थित रहने के लिए भी कहा, जिसकी उन्होंने अवहेलना की। इसलिए हम इस मामले में ईडी से संपर्क करने के लिए मजबूर हैं। फरवरी 2012 में एक एंग्लो-इंडियन महिला के साथ कुख्यात पार्क स्ट्रीट सामूहिक बलात्कार के मामले में जहां विवादों के घेरे में हैं। जहां के खिलाफ मामले के मुख्य आरोपी कादर खान को शरण देने के आरोप थे। पीड़िता, जिसकी मार्च 2015 में मृत्यु हो गई, अपनी मृत्यु से पहले बलात्कार विरोधी अभियान का प्रमुख चेहरा बन गई थी। खान अभी भी फरार है।

## प. बंगालः महिला उत्पीड़न मामले में एनसीडब्ल्यू ने पुलिस पर उठाए सवाल

**एजेंसी। कोलकाता**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के पाकुआ हाट में दो आदिवासी महिलाओं के उत्पीड़न की हालिया घटना में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया।



महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल पहुंची एनसीडब्ल्यू की टीम मंगलवार दोपहर पाकुआ हाट पहुंची और मामले में स्थानीय पुलिस अधिकारियों से बात की। रेखा शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से सीधे सवाल किया कि पुलिस ने पीड़ितों को क्यों गिरफ्तार किया।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा, क्या पुलिस महज कठपुतली है? वे इस मामले की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं करेगी? दोनों पीड़ित छह दिनों तक पुलिस हिरासत में थीं और पुलिस यह महसूस करने में विफल रही कि उन्होंने गलत गिरफ्तारी की है। जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाता? पीड़ित आदिवासी महिलाओं को वो छह दिन कौन लौटाएगा?

पुलिस ने अपने जवाब में कहा कि संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस उपाधीक्षक अजहरुद्दीन खान ने एनसीडब्ल्यू टीम को आश्वासन दिया कि यदि विभागीय जांच से साबित होता है कि संबंधित पुलिस अधिकारियों की गलती है, तो निश्चित रूप से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## डेंगू : सीएम ममता और मेयर फिरहाद के अजीबोगरीब बयान पर शुभेंदु ने ली चुटकी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में बारिश की शुरूआत के साथ ही विकराल रूप लेते जा रहे डेंगू के संक्रमण को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और मेयर फिरहाद हकीम के अजीबोगरीब बयान पर नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने चुटकी ली है। मंगलवार को उन्होंने ट्विटर पर एक तस्वीर डाली है जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शब्दों को कोट किया गया है। एक जगह ममता कहती हैं कि डेंगू बांग्लादेश से आ रहा है तो दूसरी ओर वह कह रही हैं कि पंचायत



में बोर्ड गठित नहीं होने की वजह से डेंगू बढ़ रहा है। ममता ने यह भी कहा है कि जिस तरह से राज्य में आम का उत्पादन किसी साल ज्यादा और किसी साल कम होता है उसी तरह से डेंगू भी किसी साल ज्यादा तो किसी साल कम होता रहता है। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा है कि आर्थिक विकास की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू बढ़ा है। इसे लेकर उन्होंने एक पोस्टर भी ट्विटर पर डाला है जिसमें कंफ्यूज हुआ मच्छर पूछ रहा है कि क्या मैं बांग्लादेशी हूं? इसके बाद ट्विटर पर शुभेंदु ने लिखा है, डेंगू की स्थिति पर शीर्ष अधिकारियों की टिप्पणियां चिंताजनक हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि वे ऐसी गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियाँ क्यों कर रहे हैं? मामले को हल्का करने के लिए या अपनी अक्षमता और नाकामी पर पर्दा डालने के लिए? स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उद्देश्य शायद बीएसएफ के कंधों पर दोष मढ़ना है कि वे भारत-बांग्लादेश सीमा पर मच्छरों की घुसपैठ क्यों नहीं रोक पा रहे हैं! वहीं पंचायत बोर्ड का गठन नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग कोई काम नहीं कर पा रहा है, यह आश्चर्य की बात है। क्या पंचायत नेता टेंडर बुलाकर सरकारी अस्पतालों में डेंगू टेस्ट किट की कमी को पूरा करेंगे? ऐसा प्रतीत होता है कि मेयर भी अर्थशास्त्री बन गये हैं! सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण से उन्होंने समस्या ( डेंगू का संक्रमण) तो ढूंढ ली लेकिन समाधान नहीं ढूंढ सके!

## फसलों के लिए अधिक-से-अधिक क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था कराएं : नीतीश कुमार

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने "खरीफ सिंचाई - 2023" की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिक-से-अधिक क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था कराएं ताकि किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत हो। कम बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए सिंचाई के लिए जो भी जरूरी और उपयोगी कार्य हैं उस



पर त्वरित कार्रवाई करें। पहाड़ी क्षेत्रों के निचले भागों में जल संचयन क्षेत्र विकसित करें। सीएम ने कहा कि पूर्व से चलाई जा रही सिंचाई योजनाएं पूर्ण क्षमता से कार्य करे, यह सुनिश्चित कराएं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से शुद्ध किए गए पानी का उपयोग भी कृषि कार्य के लिए कराएं। नहरों की सफाई के कार्य पर ध्यान दें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंच जाएगा तो इससे किसानों को काफी लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधाओं और उनके हित में हम निरंतर कार्य करते रहते हैं। किसानों को कृषि कार्य हेतु डीजल अनुदान उपलब्ध कराने के साथ-साथ सिंचाई कार्य हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति भी की जा रही है। हमलोगों का उद्देश्य है कि किसानों को धान रोपनी में सहूलियत हो। बैठक में जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, लघु जल संसाधन विभाग की विशेष सचिव आशिमा जैन सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## पीएम फसल बीमा कराएं किसान आपदा में मिलेगी राहत : शाही

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा खरीफ सीजन की समीक्षा बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा की तिथि 10 अगस्त तक बढ़ाये जाने के बाद किसानों का अधिक से अधिक बीमा कराये जाने पर जोर दिया गया। खरीफ 2023 मौसम में क्रियाशील केसीसी के सापेक्ष अब तक हुए बीमा कवरेज, पात्र किसानों को नया किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा गैर ऋणी कृषकों की भागीदारी की समीक्षा की गई। उन्होंने अल्पवर्षण से प्रभावित जिलों में बीजों के मिनीकिट वितरण की



तैयारियों की भी जानकारी दी।कृषि भवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर में कृषि बीमा में संलग्न बैंकर्स के साथ बीमा की अद्यतन स्थिति को लेकर समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को आपदा से राहत मिल सके। इसके लिए भारत सरकार से अनुरोध करने पर 10 अगस्त तक बीमा कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि आपदा से फसल प्रभावित होने पर बीमा कंपनी से भरपाई की जा सके। इसके लिए लगभग 40 लाख किसान क्रेडिट कार्ड का इस सीजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बैंकरों को कहा कि जनपद स्तर पर बीमा कंपनियों के कार्यालय खोले जाएं। इन कार्यालयों का उद्घाटन सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों, जिला अधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी से कराएं।

### राजनीति

### विपक्षी गठबंधन से मायावती को अलग करने में अखिलेश हुए सफल

## सूबे में कांग्रेस-सपा गठबंधन की राह नहीं है आसान

**एजेंसी। लखनऊ**

विपक्षी दलों का गठबंधन यूपीए से इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस) हो गया। इन दिनों यह बहुत चर्चा में है। विपक्षी पार्टियां एकजुटता की हुंकार भर रही हैं। समाजवादी पार्टी के मुखिया भी इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है, लेकिन इतिहास पर नजर दौड़ाएं तो उप्र पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है। सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर मायावती को अलग-थलग करने में अखिलेश यादव सफल हो गये हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ समझौता किया था। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी 298 सीटों चुनाव लड़ी, जबकि समझौते के तहत कांग्रेस को 105 सीटें मिली थी। इस



समझौते के बावजूद कुछ सीटों पर दोनों पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे थे और दोनों पार्टियों को मिलाकर 54 विधानसभा सदस्य सदन में पहुंचे थे। कांग्रेस के सात विधानसभा सदस्य जीते थे, जबकि प्रदेश में सरकार चला चुकी समाजवादी पार्टी को मात्र 47 सीटों पर विजय मिली। समाजवादी पार्टी को कुल 1,89,23,769 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 54,16,540 वोट मिले थे। दोनों पार्टियों ने मिलकर 2,43,40,309 वोट मिले और दोनों ने 28.07 प्रतिशत वोट पाया। गठबंधन के बावजूद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के वोट शेयर में भी सात प्रतिशत से ज्यादा कमी आ गयी। वहीं 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 28 सीटें मिली थीं अर्थात पांच वर्षों बाद ही गठबंधन के बावजूद 21 सीटों का घाटा हुआ। 2012 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी 355 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। उसका वोट प्रतिशत भी उस समय 11.63 प्रतिशत रहा। उसका वोट प्रतिशत भी गिरकर 6.25 प्रतिशत रह गया। इस तरह से दोनों पार्टियों में वोट प्रतिशत में आयी भारी गिरावट के बाद दोनों दलों के नेताओं ने आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिया और कहा कि एक-दूसरे दल के उम्मीदवार पर वोट नहीं चढ़े। वहीं बहुजन समाज पार्टी को वोटों की संख्या ज्यादा थी, सीट कम। बहुजन समाज पार्टी को 1,92,81,340 वोट मिले थे, जबकि 403 सीटों पर चुनाव लड़कर उसे मात्र 19 सीट ही मिली थी। उसका वोट शेयर 22.23 प्रतिशत था। अखिलेश यादव ने विधानसभा में कांग्रेस के साथ इस कारण समझौता किया था कि उस समय उनका चाचा के साथ विवाद चल रहा था। वे उस समय तक सत्ता में थे। उन्हें पारिवारिक कलह को दबाने के लिए दूसरी पार्टियों से समझौता कर चाचा से भारी दिखाने की आवश्यकता थी। इसके साथ ही उन्हें यह भी देखने की जरूरत थी कि समझौता उसी से हो, जिस दल का कोई यूपी में मुख्यमंत्री उम्मीदवार न हो। उन्होंन इन सब बातों पर ध्यान देकर कांग्रेस के साथ समझौता किया, लेकिन दोनों औधें मुंह गिर गये। समझौता बुरी तरह फ्लॉप हुआ।

### पुलिस ने लुटेरे गैंग के शातिर को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस की टीम ने लुटेरा गिरोह के एक शातिर को गिरफ्तार किया है।मंगलवार को इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि बंजरिया थाना क्षेत्र में हुए बिस्कुट लदे ट्रक लूट कांड में शामिल एक अपराधी को तुरकौलिया थाना क्षेत्र में देखा गया है। उक्त सूचना के आलोक में सहायक पुलिस अधीक्षक,श्रीराज के नेतृत्व में बंजरिया थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक,पुअनि चंद्रभूषण झा व बंजरिया थाना के रिजर्व गार्ड की एक टीम गठित की गयी। टीम ने त्वतरित कारवाई करते हुए तुरकौलिया थानाक्षेत्र के कपरसंडी गांव में छापेमारी कर अभियुक्त नंदन यादव उर्फ अभिनंदन,पिता राम देनी यादव, ग्राम कपरसंडी,थाना-तुरकौलिया, जिला-पूर्वी चम्पारण गिरफ्तार कर लिया गया है।

